जो हिटलर ने किया, वही आपातकाल में कांग्रेस ने किया : राधा मोहन दास

- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने छोड़ी थी कांग्रेस : मदन राठौड़
- आपातकाल की 50वीं बरसी और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उदयपुर में संगोष्ठी आयोजित

जयपुर/उदयपुर। आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी, शहर जिला उदयपुर की ओर से आपातकाल संविधान हत्या दिवस एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान कार्यक्रम सुखाडिया रंगमंच पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने आपातकाल को परिभाषित करते हुए बताया कि देश को दूसरी आजादी आपातकाल हटा तब मिली, गुलामी जरूरी नहीं की कोई विदेशी आक्रांता ही दे, जब व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन हो जाए तब वह गुलाम कहलाता है, गुलामी सोच एवं स्थिति की होती है। यही कार्य तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से अपने चुनाव रद्द होने पर आपातकाल लगाकर देश को गुलाम बना दिया था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में भर दिया, प्रेस पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया, पूरे देश में छात्र, किसान, कर्मचारी, न्यायाधीश, सभी की स्वतंत्रता का हनन किया गया।

डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि 1939 में हिटलर ने जो कृत्य किया था, वहीं कृत्य कांग्रेस ने किया। देश को आजाद करने में एक लाख महिलाओं का योगदान रहा, जिनका आज तक कोई नाम नहीं। जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह जब बिना शर्त भारत में विलय के लिए तैयार थे, तब जवाहरलाल नेहरू ने अपने पारिवारिक हितों को देखते हुए सशर्त शामिल किया। कश्मीर का मुख्यमंत्री ही प्रधानमंत्री कहलाएगा, वहां का झंडा अलग होगा, हिंदुस्तान के कानून कश्मीर में लागू नहीं होंगे। यह कलंक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 व 35 हटाकर मिटाया। उन्होंने बताया कि 1962 में चीन के युद्ध होने पर 38000 स्क्वायर किलोमीटर जगह चीन को दे दी गई, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा वह जमीन उपजाऊ नहीं। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का निधन भी विदेश में षड्यंत्र पूर्ण किया गया। उनकी धर्मपत्नी ललिता शास्त्री की गुहार लगाने पर भी पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। इस मौके का फायदा उठाकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बन गई। चुनाव में 352 सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के चुनाव रद्द होने पर देश में आपातकाल थोप दिया था। लेकिन इसके फल स्वरुप जनता ने 1977 में कांग्रेस को सत्ता विहीन कर दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी बताते हुए कहा कि 6 जुलाई 1901 को जन्में मुखर्जी बाल्यकाल से ही मेधावी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर बैरिस्टर बने। मुखर्जी पहले व्यक्ति थे जो 32 वर्ष की उम्र में ही वाइस चांसलर बने। 1935 में विधायक बने और बंग-भंग आंदोलन का पुरजोर विरोध कर विधायकी से इस्तीफा दिया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ दिया। वे 1938 में चुनाव लड़कर निर्विरोध विधायक बने, 1942 में मित्र राष्ट्र के लिए लड़ने का विरोध किया। मुखर्जी सुभाष चंद्र बोस की नीतियों के समर्थक रहे। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिया तो उन्होंने दो विधान दो प्रधान, दो निशान का पुरजोर विरोध कर नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया। एक राजनीतिक दल जनसंघ की स्थापना की, जो आज भाजपा के रूप में वट वृक्ष बन चुका है। देश आजाद हुआ तब पूंजीवाद, साम्यवाद, मार्क्सवाद व लेनिन्वाद का बोलबाला था लेकिन उन्होंने एकात्म मानववाद पर जोर दिया। डॉ मुखर्जी ने बिना परमिट कश्मीर यात्रा की, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया एवं जेल में ही रहस्यमय तरीके से 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। कार्यक्रम से पूर्व डॉ अग्रवाल और राठौड़ ने टाउन हॉल परिसर में शहीद स्मारक पर अमर जवान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। एक वृक्ष मां के नाम अभियान का वृक्षारोपण कर प्रारंभ किया। समारोह में 64 लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया सांसद, डॉ मनालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा, जिला प्रमुख ममता पवार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत सहित जिला, मंडल, मोर्चा के पदाधिकारी व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जेवरात छीन भागने वाले दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। केपरी गोल्ड लोन से जेवरात लेकर जाते समय बदमाश पीडित के हाथ से जेवरात छीन ले गया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीडित गोविंदसिंह निवासी दियों का गुडा जेलाई खेरोदा ने आरोपी मोहित मेनारिया निवासी पानेरियों कीमादड़ी हाल से. 5 तथा विजय प्रजापतप्रजापत निवासी सालेराकलां हाल धोल की पाटी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया जिसमें पीडित ने बताया कि 24 जून को मैं फतहपुरा स्थित केपरी गोल्ड लोन से गिरवी रखे जेवरात बाजूबंद लेकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान आया बदमाश मेरे हाथ से जेवरात छीन फरार हो गया। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक कैलाशचंद के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी के नेतृत्व में फतहपुरा चौकी प्रभारी एएसआई किशनसिंह ने मामले में आरोपी मोहित मैनारिया व विजय प्रजापत को गिरफ्तार कर जेवरात बरामद किए।

मुनि श्री का डूंगरपुर नगर से गुजरात के लिए हुआ विहार

डूंगरपुर। विनय वान व्यक्ति सदैव ऊंचाइयों को प्राप्त करता है और जीवन में हमेशा विनम्रता रखनी चाहिए तथा जीवन में कितने भी ऊंचे उठ जाए, विनम्रता का भाव कभी भी कम नहीं होना चाहिए जिसका उदाहरण के के गुप्ता हैं।

यह आशीर्वचन चतुर्थ पट्टाधीश आचार्य सुनील सागर जी महाराज ने व्यक्त किए हैं। महाराज श्री के गत साथ दिवस तक डूंगरपुर नगर में विराजित होने के बाद गुजरात राज्य के लिए विहार किया गया। इससे पूर्व गुजरात बॉर्डर पर स्थित गांव खजूरी में महाराज श्री ने अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

महाराज श्री ने कहा कि डूंगरपुर नगर को स्वच्छता के नगर से देश दुनिया में जाना पहचाना जाता है। इस कार्य का संपूर्ण श्री के के गुप्ता जी को दिया जाता है। गुप्ता ऐसे व्यक्तित्व हैं जो महापुरुषों के आदर्शों का अपने जीवन में अनुसरण करते हैं तथा भगवान अठासेन के वंशज अग्रवाल समाजबंधु भी जैन धर्म के सिद्धांतों और नियमों का पालन करते हैं तथा उसमें विश्वास रखते हैं।

महाराज श्री ने कहा कि गुप्ता जी ने डूंगरपुर सहित देश के गृहमंत्री अमित भाई शाह के निर्वाचन क्षेत्र में भी स्वच्छता और जल संरक्षण का अभूतपूर्व कार्य संपादित किया है। उन्होंने मानव कल्याण सहित पशु पक्षियों के आहार और दाना पानी की भी चिंता की और इसकी समुचित व्यवस्था बनाई।

MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY
UDAIPUR-313039
Estate Office L-Tender Notice-08
No. EO/MLSU/E-Tender/2025-26/205 Dated-25/06/2025
NIB CODE: SUU2526A0014 UBN No: SUU2526WSOB00046 to 00050
Bid for **Miscellaneous work at, M.L.S University, Udaipur** are invited from interested bidders upto at **2:00 P.M. on 02/07/2025.** Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (http://www.sppp.raj.nic.in) of the state and www.mlsu.ac.in departmental website. **Executive Engineer**

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीबी एण्ड पीबी- हॉक प्लॉटेट, झामरकोटड़ा, पी.ओ.- झामरकोटड़ा-313015,
E-mail: dineshsingh.rsmml@rajasthan.gov.in, Phone 7073471755
संशोधित निविदा सूचना दिनांक :- 25/06/2025

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
RSMM/PHOS/LAB/AAS/2025-26/62 Dated 23.05.2025 with due date extended upto 09.07.2025	झामरकोटड़ा माईन्स, उदयपुर में थर्मो फिशर साइंटिफिक मेक (ए ए एस) परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर के लिए ऑनसाइट व्यापक वार्षिक रख रखाव अनुबंध हेतु। धरोहर राशि 340000/- लाख, निविदा प्रपत्र मूल्य 6800/-, निविदा शुल्क रू. 590/-

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com/ www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा वरि. प्रबन्धक (लेबे) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/5063 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

सार-समाचार

सूने मकान से जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित राकेश साहु पुत्र चुन्नीलाल निवासी गांधीनगर सुखेर ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 21 जून को परिवार सहित खाटूश्यामजी मंदिर दर्शन करने गया था। मेरा पुत्र सूरज अकेला घर पर था जो अपने मामा के घर चला गया। इस दौरान अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ सोने की 6 चेने, दो हार सेट, बजेंटी, मंगलसूत्र, सोने की चार चूडियां, दो अंगुठियां, रकड़ी तथा दो लाख रूपये नकदी चुरा ले गए। इसकी सूचना मिलने पर घर लौट कर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। मशीन बेचने का झांसा देकर पीडित से लाखों की नकदी हडपने वाले के खिलाफ सुखेर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित कार्तिकेय पुत्र शिवनंदन बोहरा प्रोपराइटर कृष्णा एन्टरप्राईजेज बेदला रोड सुखेर इंडस्ट्रीयल एरिया सापेटिया ने संजय सोमरा प्रोपराईटर आस्था इंटरप्राईजेज जयपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित से बताया कि मशीनों की आवश्यकता होने पर आरोपी से संपर्क किया। इस पर दो एक्सीवेटर मशीने खरीदने की सहमति बनने पर आरोपी ने दोनों मशीनों का 2 करोड़ 24 लाख29 हजार रूपये नकदी होना बताया। इस पर 25 दिसंबर 22 को मैंने आरोपी को एक मशीन का 1 करोड़ 27 लाख 30 हजार रूपये का भुगतान किया। निर्धारित समय पर मशीन नहीं भिजवाने पर आरोपी का खाता डेबिट सीज करवा दिया तो उसने 1 करोड़ कर भुगतान रिटर्न किया शेष नकदी 27 लाख 30 हजार रूपये आज दिन तक नहीं दी। इसको लेकर संपर्क करने पर धमकाना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी महाराष्ट्र निवासी शिवम उत्कर्ष शाह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि वर्ष 2019 में कॉलेज मे साथ में पढाई करने के दौरान संपर्क होने पर नजदीकियां हो गई । इस पर आरोपी ने शादी करने की सहमति देते हुए मेरे साथ रहना शुरू कर दिया तथा साथ में रहते हुए मेरे साथ शारीरिक सबंध बनाए। गत दिनों आरोपी ने मुझसे शादी करने से मना कर दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच सीआई राजेन्द्रसिंह को सौंपी है।

हिस्ट्रीशीटर की कार सीज

उदयपुर, (कासं)। मावली थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशिटर की कार को सीज किया। सहायक पुलिस अधीक्षक मावली आईपीएस मनीष कुमार के निर्देशन में आदतन अपराधी व हिस्ट्रीशिटर नारायण सिंह के विरूद्ध न्यायालय में 16 मई 25 को इस्तगासा पेश किया। जिसमें अपराध से अर्जित अवैध रूपयों से खरीदी हुई काली कार को कुर्क किया जाए। इस पर मावली थानाधिकारी द्वारा न्यायालय में पेरवी की। इस पर न्यायालय ने कुर्की के आदेश जारी किए गए। आरोपी नारायणसिंह के खिलाफ 15 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।।

वैष्णव बने मंदिर बोर्ड के नए अध्यक्ष

मंडफिया। राज्य सरकार ने श्री सांवलिया जी मंदिर बोर्ड का गठन किया है जिसमें मंडफिया के भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच हजारी दास पुत्र स्वर्गीय तुलसीदास वैष्णव को अध्यक्ष पद पर मनोनित किया है। इसी के साथ बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति भी की गई। जिसमें कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, किशन लाल अहीर, रामलाल गुर्जर, पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, मिट्ठू लाल जाट को सदस्य पद पर मनोनित किया है। इसके अलावा जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़, आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर मंदिर मंडल के पदेन सदस्य होंगे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी मंदिर मंडल के पदेन सदस्य - सचिव होंगे। पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव के अध्यक्ष बनने पर ठाम वासियों ने पटाखे छोड़ आतिशबाजी की एवं देर रात्रि को ढोल नगाड़े एवं डीजे बाजे के साथ वैष्णव का भव्य जुलूस निकाला। सभी जुलूस के साथ सांवलिया जी सेठ मंदिर दर्शन करने पहुंचे।

राइट टू प्ले कानून की मांग

बांसवाड़ा, (निसं)। शारीरिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल षर्मा को राइट टू प्ले कानून सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष विनोद पानेरी ने बताया कि पिछले 7 वर्षों से तृतीय श्रेणी के स्थानांतरण नहीं हुए हैं हर बार स्थानांतरण नीति का हवाला दिया जाता है जो आज तक बनकर तैयार नहीं हुई है। साथ ही शारीरिक शिक्षकों की पदोन्नतियां बहुत कम हो रही हैं 1995 में नियुक्त तृतीय श्रेणी शारीरिक शिक्षक की 30 साल बाद भी पदोन्नति नहीं हो रही हैं जो चिंताजनक है। पदों के अनुपातिक पदोन्नतियां करने, साथ ही 2 व अधिक फैकल्टी वाले विद्यालयों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा व तृतीय श्रेणी शारीरिक शिक्षक का पद सृजित करने, प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के बाद दूसरा पद शारीरिक शिक्षक का स्वीकृत करने सहित कई बिंदुओं पर मुख्यमंत्री से बात की।

कार ने बाइक को मारी टक्कर

डूंगरपुर। दोवडा थाना क्षेत्र में दोवडा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी । हादसे में बाइक सवार एक युवती सहित 3 लोग घायल हो गए। घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दोवडा थाना पुलिस के अनुसार भोजता का ओडा निवासी जोशना अहारी,पप्पू अहारी और संजय परमार तीनों बाइक से अहमदाबाद से अपने घर लौट रहे थे। बाइक संजय परमार चला रहा था। दोवडा गांव में पुलिस थाना के पास पहुंचने पर पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सवार फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोग इकट्ठे हो गए। हादसे में जोशना,पप्पू और संजय तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पर दोवडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे की सूचना पर मौके पर 1)8 एम्बुलेंस पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

'हिंदुस्तान को विकसित और विश्वगुरु बनाना है तो पहले स्वच्छ बनाना होगा'

उदयपुर, (कासं)। मनुष्य के जीवन यापन के लिए हम पूर्व में रोटी, कपड़ा और मकान को आवश्यक मानते थे लेकिन विकास के आधुनिक दोर में अब मानव जीवन के लिए शुद्ध पानी, पर्यावरण आवश्यक हो गया है। हम कितना भी विकास कर ले, जब तक वायु , जल, भूम प्रदुषण से मुक्त नहीं होगी तब तक हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी मे नहीं आ सकते है। हम अपनी तुलना विकासशील देशों से करते है वहॉ औसत आयु 82 वर्ष है और हमारे यहॉ 62 वर्ष है। हमें पर्यावरण की महत्ता को समझना होगा। हर व्यक्ति ज्यादा जीना चाहता है लेकिन इस दिशा में काम करना नहीं चाहता।

उक्त विचार गुरूवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विज्ञान संकाय के जियोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित मानव जीवन पर प्रदुषण का प्रभाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमीनार के उद्घाटन सत्र में सवच्छ भारत मिशन भारत सरकार के सदस्य एवं डुंगरपुर के पूर्व सभापति के.के. गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि 30 हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट राइजिंग राजस्थान के माध्यम से राजस्थान में हो रहा है जो राजस्थान को विकसित बनाने से कोई नहीं रोक सकता। हिंदुस्तान को विकसित ओर विश्वगुरु बनाना है तो पहले स्वच्छ बनाना होगा। स्वच्छता की किमत को कोविड ने हम सभी को सिखा दिया लेकिन हम पुन: उसी पडाव पर आ गये है। हर व्यक्ति को इसे समझना होगा। गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा दिये गये नारे को याद दिलाते हुए कहा कि मोदी ने एक पौधा अपनी मॉ के नाम लगाने को कहा , उन्होंने उसे ओर आगे बढ़ाते हुए एक पौधा पिता के व स्वयं के नाम लगाने का आव्हान किया। सबसे अधिक प्रदुषण प्लास्टिक के उपयोग से हो रहा है जिससे 50 प्रतिशत अधिक कैंसर रोगियों की संख्यॉ इसी वजह से बढ़ी है। स्वच्छता के प्रति आम जन में मानसिकता बदलने की जरूरत है जिसकी शुरूआत हमें अपने घर से ही करनी होगी। सबसे अधिक नुकसान हमारे घरो से निकलने वाले सुखा व गीला कचरा सम्मिलित करने से हो रहा है, उसे अलग अलग करने की जरूरत है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पर्यावरण, उद्योग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचे को मजबुत करना होगा। हमें हमारे पंच महाभुत भूमि, गगन, वायु, नीर को प्रदुषण मुक्त करने की जरूरत है।

गड्ढा हादसों को दे रहा न्योता

बांसवाड़ा, (निसं)। देश की प्रगति के लिए केंद्र सरकार नेशनल हाईवे नेटवर्क को सुदृढ़ और सुगम बनाने पर जोर दे रही है लेकिन जिले में हकीकत इससे कोसों दूर है। नेशनल हाईवे 56 पर स्थित कलिंजरा पुल के पास बना गहरा गड्ढा जानलेवा साबित हो रहा है।

आए दिन इस गड्ढे के कारण वाहन पलटने और दुर्घटनाएं होने की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन इस ओर आंखें मूंदे बैठे हैं। हाईवे का कलिंजरा से बड़ोदिया खंड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर और किनारों पर कटाव से वाहन चालकों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

दोपहिया वाहन तो आए दिन असंतुलित होकर गिरते हैं, वहीं चारपहिया और भारी वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

कार्यालय श्री साँवलियाजी मंदिर मण्डल मण्डफिया, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)
क्रमांक/लेखा/श्री सामम/2025-26/550 दिनांक:-25.06.2025
ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/2025-26
श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल, मण्डफिया द्वारा वर्ष भर किये जाने वाले विभिन्न आयोजनों (मेले के अलावा) हेतु टेन्ट, शामियाना, स्टेज इत्यादि कार्य (अनु.लागत 95.00 लाख) हेतु पंजीकृत व योग्य संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया "eproc.rajasthan.gov.in" के माध्यम से द्वि-लिफाफा पद्धति में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic .in पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदाओं के ऑनलाईन प्रपत्र उक्त पोर्टल पर दिनांक 27/06/2025 को प्रात: 09:00 बजे से उपलब्ध होकर दिनांक 07/07/2025 सायं 06:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है। निविदाओं से सम्बन्धित शुल्क/राशि निविदा प्रपत्र में अंकित मंदिर मण्डल के बैंक खाते में ही जमा करवानी होगी। प्राप्त निविदाओं की तकनिकी निविदाएं दिनांक 08/07/2025 को दोपहर 12:00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी।
UBN.-SMM2526WSOB00001
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल

लंदन में मौत के 2 महीने बाद शव पहुंचा भारत

डूंगरपुर। सागवाडा के गामोठवाडा के निवासी व्यक्ति की शव 2 महीने बाद भारत पहुंचा। 21 अप्रैल को लंदन में फकीरा भागरिया की अचानक तबीयत खराब हो गया और मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सागवाडा के गामोठवाडा के निवासी व्यक्ति की शव 2 महीने बाद भारत पहुंचा। शव के गांव में आते ही माहौल गमगीन हो गया। परिवार के साथ ही कई लोग इकट्ठे हो गए। इसके बाद सामाजिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। सागवाडा के गामोठवाडा के रहने वाले फकीरा पुत्र सुखलाल ब्रिटेन के लंदन में 25 सालों से एलिड रोड पर स्थित एक सनातन हिन्दू मंदिर में सेवा का काम करते थे। 21 अप्रैल को फकीरा भागरिया की अचानक तबीयत खराब हो गया और मौत हो गई।

'दूसरों पर उंगली उठाने से पहले स्वयं के गिरेबान में झांककर देखें डोटासरा'

उदयपुर/जयपुर । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उदयपुर में प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। प्रदेश प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने कहा कि विपक्ष द्वारा वर्तमान सरकार पर लगाए जा रहे आरोप हास्यास्पद हैं। सो-सो चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली कहावत कांग्रेसियों पर चरितार्थ हो रही है। डॉ अग्रवाल ने 25 जून आपातकाल लागू करने पर भारत का काला दिवस करार दिया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र का गला घोंट दिया था। इतना ही नहीं, एक कानून पास कर प्रधानमंत्री व लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा न चलने देने की व्यवस्था तक कर दी गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा चुनाव रद्द करने पर संसद में आपातकालीन संशोधन कर लोकतंत्र की हत्या की गई। न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कुचला गया, न्यायाधीशों के प्रमोशन रोके गए व अखबारों पर पूर्ण सेंसरशिप लागू की गई। उन्होंने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ था, लेकिन 1951 से ही संविधान में संशोधन चालू हो गए और लोकतंत्र ने मुंह खोला ही था कि कांग्रेस रूपी विरोधी मक्खी अंदर चली गई।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाने का कोई षड्यंत्र नहीं चल रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार केंद्र और राज्य में बेहतर समन्वय के साथ कार्य कर रही है और प्रदेश में सुशासन की स्थापना की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि यह निराधार आरोप हैं। हमारी सरकार और संगठन के बीच समन्वय सशक्त और स्थाई है। गहलोत जैसे अनुभवी नेता से ऐसी गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी की उम्मीद नहीं की जाती। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर हमला बोलते हुए राठौड़ ने कहा कि डोटासरा को अपने कार्यकाल की घटनाएं याद रखनी चाहिए।

GRAM PANCHAYAT BARAPAL,
PANCHAYAT SAMITI GIRWA (UDAIPUR)
LETTER NO.: 2025-26/14 DATE: 25.6.25
UBN NO. ZUD2526GSOB01095
TENDER NOTICE
Open-Tender Notice are invited for Public Guarden Barapal Grenite Banch and light and poll esttablish and water work. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and.
SARPANCH/VDO
GRAM PANCHAYAT BARAPAL

अवैध विषैले केमिकल की बिक्री के विरोध में सौंपा ज्ञापन

राजसमंद, (निसं)। राज्य सरकार से बायो डीजल के लाइसेंस की वैधता समाप्त होने के बावजूद राजसमन्द जिले में बायो डीजल के नाम पर अन्य जहरीले केमिकल की बिक्री धडल्ले से जारी होने से आक्रोशित राजसमन्द पेट्रोलियम डीलर्स वेलफेयर संस्थान ने गुरूवार को जिला कलक्टर अरूणकुमार हसीजा को ज्ञापन सौंपा एवं इसके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई कराने की मांग की।

व्यवसायियों ने रोष जाहिर किया कि पूर्व में इस बारे में प्रशासन को अवगत कराया लेकिन अनदेखी कर दी गई। संस्थान अध्यक्ष कैलाश चौधरी की अगुवाई में महासचिव हेमंत लड्ढा, उपाध्यक्ष पुष्कर पाटीदार, जम्बू जैन, विनिश जैन, संगठन मंत्री परसराम बुनकर, अनिरूद्ध सिंह कारोई, गौतम कामलीघाट, फकरू मोहम्मद, वैभव श्रीमाली, कुरबान हुसैन सहित जिले भर से आए पेरूट्रोलियम व्यवसायियों ने जिला कलक्टर अरूण कुमार हसीजा को ज्ञापन सौंपा। व्यवसायियों ने रोष जताते हुए बताया कि कई माह पहले पूरे राज्य में बायो डीजल के सभी लाइसेंस की वैद्यता अवधि समाप्त होने एवं सरकार की ओर से लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किए जाने के बाद भी वर्तमान में बायो डीजल के नाम पर अन्य विषैले केमिकल की बेरोकटोक बिक्री जारी है।

इसके चलते वैध ईंधन व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान होने के साथ ही अनावश्यक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि इतना ही नहीं इससे राज्य सरकार को राजस्व की हानि हो रही है वहीं पर्यावरण व जन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है जो चिंताजनक है। उन्होंने अन्य जिलों में उक्त अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से की गई सख्त कार्रवाई से भी अवगत कराया तथा पुरजोर मांग रखी कि राजसमन्द जिले में भी उक्त अवैध व्यवसाय बंद कराने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं। संस्थान अध्यक्ष कैलाश चौधरी व महासचिव हेमंत लड्ढा ने आरोप लगाते हुए बताया कि बिना वैधानिक अनुमति के गुपचुप तरीके से कतिपय फैक्ट्रियों में इस जहरीले तेल का उत्पादन हो रहा है जिससे इस अवैध कामकाज को बढावा मिल रहा है।

व्यवसायियों ने बताया कि पूरे प्रदेश में बायो डीजल के लिए पूर्व में राज्य सरकार से जारी सभी अनुज्ञापत्र की वैधता अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी फर्म का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किया गया। इस बारे में हाल ही सरकार ने एक आदेश भी जारी किया जिसमें स्पष्ट कहा कि वर्तमान में राज्य में बायो डीजल का कोई भी लाइसेंस वैध नहीं है। व्यवसायियों ने रोष जताया कि उक्त आदेश के बाद भी जिले में कई स्थानों पर अन्य अति ज्वलनशील व जहरीले पदार्थ बायो डीजल के नाम पर अवैध रूप से डिस्पेंसिंग यूनिट लगाकर विक्रय कर रहे हैं तथा प्रशासन की उदासीनता के चलते बेखौफ अपना कारोबार चल रहा है। व्यवसायियों ने जिला कलक्टर से तत्काल कार्रवाई की मांग की जिस पर आश्वासन दिया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत बरोड़िया, पंचायत समिति भीण्डर जिला उदयपुर (राज.)
क्रमांक: -30 दिनांक-12.06.2025
-: ई निविदा सूचना संख्या : 01/2025-26:-
इस ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी नरेगा तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमो के तहत जी.एस.टी. में पंजीकृत / प्राधिकृत डीलर, एक मात्र वितरक, थोक विक्रेता, लघु उद्योग ईकाईया , सिद्ध विपणन कर्ताओं सम्बन्धित संविदादारों को जो सम्बन्धित कार्य करते हो, से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाए निम्नानुसार आंमत्रित की जाती है। निविदादाता को नीचे दिये गये विवरण के अनुसार निविदा शुल्क रू 1000 /- का EGRASS चालान एवंधरोहर राशि रू 1,00,000 /-(निविदा की अनुमानित लागत का 02 प्रतिशत) के डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैंकर चैक संबंधित ग्राम पंचायत के नाम से व प्रोसेसिंग फीस रू 1500का EGRASS चालान निर्धारित दिनांक व समय तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाना होगा। धरोहर राशि, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस सम्बन्धी दस्तावेज प्राप्त नहीं होने पर उस निविदादाता की ऑनलाईन निविदाऐ खोली नही जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते संलग्न की जा रही है। ऑनलाईन निविदाए निर्धारित दिनांक एवं समय पर क्रय कमेटी द्वारा ग्रा